356 / मी. / 11 / 13-2-24

रिसीट सं० 5299
दिनांक 31-1-24
बरेली

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी बरेली की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दिनांक 19.01.2024 को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जिलाधिकारी, बरेली की अध्यक्षता में दिनांक 19.01.2024 को विकास भवन, बरेली में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माहवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, परियोजना प्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 (कार्यदायी संस्था) टीम लीडर टी0पी0आई0, सहायक अभियन्ता जल निगम, डी0पी0एम0यू0, व समस्त टीम लीडर आई0एस0ए0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिये गये कि :–

1. अधि0 अभि0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया 587 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिसके सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उनके शेष FHTC शीघ्र ही पूर्ण किये जायें।
2. वर्तमान में जनपद में कुल 05 स्थानों पर अवर जलाशय की भुमि उपलब्ध नहीं है जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को 1 सप्ताह के भीतर भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
3. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 893 के सापेक्ष 888 नग ट्यूब वेल का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। शेष 05 नग ट्यूबवेल का निर्माण भूमि की उपलब्धता के साथ–साथ उक्त कार्यो को अति शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
4. एन0सी0सी0 के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में विभिन्न कार्यस्थलों पर जनपद के अन्तर्गत 4900 नग लैवर कार्यरत है एवं 25 कार्यस्थलों पर वर्तमान में कार्य प्रगति पर नहीं है। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में कई बैठकों में निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी सभी कार्य स्थलों पर आवश्यकता अनुसार लेवर उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं तत्काल प्रभाव से सभी कार्यस्थलों पर पर्याप्त लेवर लगाते हुए कार्यो की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये गये एवं सुधार न होने की स्थिति में कार्यवाही हेतु चेतावनी दी गयी।
5. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान का कुल 112 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। यह प्रगति दिसम्बर माह में 85 एवं नवम्बर माह में 64 थी। अतः फर्म द्वारा माह में मात्र 27 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। अवर जलाशय के पूर्ण हाने की गति अत्यन्त धीमी है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त नाराजगी व्यक्त की गयी एवं फर्म को निर्देशित किया गया कि अवर जलाशय की पूर्ण करने की गति में तत्काल सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति कर दी जायेगी।
6. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 112 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है जिसके सम्बन्ध में फर्म को निर्देशित किया गया कि सभी 112 नग योजनाओं के सभी कार्य तत्काल पूर्ण करते हुये योजनाओं को हस्तान्तरण हेतु पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी
बरेली

जिलाधिकारी,
बरेली।

प्रतिलिपि–
1. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0) बरेली।
4. मै0 एन0सी0सी0 लि0, बरेली।

अधि0 अभि0 जल निगम ग्रामीण / DPC

29.1.24

जिलाधिकारी
बरेली।

जिला विकास अधिकारी
बरेली
31/01/24

file